प्रादेशिक समाचार

**दिनांक–20.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)**

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आज दोपहर एक बजे तक लगभग 37 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला है। लद्दाख में 52 प्रतिशत से अधिक, पश्चिम बंगाल में 48 प्रतिशत से अधिक, उत्तर प्रदेश में 39 प्रतिशत से अधिक और झारखंड में लगभग 42 प्रतिशत मतदान की खबर है। बिहार तथा जम्मू कश्मीर में लगभग 35 प्रतिशत, ओडिसा में 35 प्रतिशत से अधिक, महाराष्ट्र में लगभग 28 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। ओडिसा विधानसभा चुनाव में 35 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया है।

*****************

चतरा, कोडरमा और हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए दोपहर एक बजे तक लगभग 42 प्रतिशत वोटिंग हुई है। चतरा सीट पर करीब तैंतालीस प्रतिशत, हजारीबाग में चालीस प्रतिशत और कोडरमा में 42 प्रतिशत वोटिंग हुई है। वहीं गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए चालीस प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है।

*****************

चतरा लोक सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने आज अपने गांव सोन बीगहा के पंचायत सचिवालय आरा के मतदान केंद्र संख्या 313 पर परिवार के साथ वोट डाला। मतदान के बाद उन्होंने भाजपा की जीत का दावा किया।

*****************

कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया स्थित वृद्धा आश्रम और कोडरमा के परियोजना उच्च विद्यालय में ग्रीन बूथ बनाया गया है और इस बूथ को काफी अच्छे तरीके से सजाया गया हैं। इसके साथ ही बूथ पर सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया हैं जहाँ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सेल्फी खिंचवा रहें हैं। वहीं बूथ पर पहुँचने वाले मतदाताओं में भी काफी उत्साह देखा जा रहा हैं । जिला निर्वाचन पदाधिकारी मेघा भारद्वाज ने बताया कि जिस तरह से अपने भविष्य के लिए आज लोग मतदान कर रहे हैं, इस तरह से उज्जवल भविष्य के लिए पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखना भी आवश्यक है।

*****************

गिरिडीह डीसी नमन प्रेयस लकड़ा ने कहा है कि गिरिडीह जिले में कोडरमा संसदीय सीट के लिए शांतिपूर्ण मतदान चल रहा है। उन्होंने बताया कि बेबकास्टिंग से सभी बूथों पर नजर रखी जा रही है।

*****************

कोडरमा संसदीय चुनाव के साथ ही गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए भी आज मतदान हो रहा है।

*****************

राजमहल संसदीय क्षेत्र के पाकुड जिले के 813 मतदान केंद्रों पर एक जून को चुनाव होने वाले हैं। बाधा रहित चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर रविन्द्र नगर भवन में सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मौजूद सेक्टर मजिस्ट्रेटों को मौक पोल कराने संबंधी कई जानकारी दी गई।

*****************

देवघर जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में बुजुर्ग देखभाल दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर सात सौ चौदह बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

*****************

राज्य के तीन लोकसभा सीटों और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में आम से लेकर खास मतदाता बढ़—चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। आज सुबह से ही मतदाताओं में वोटिंग के लिए उत्साह देखा जा रहा है। मतदान केन्द्रों पर महिला मतदाता बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। केन्द्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी अपने परिवार के साथ कोडरमा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चाराडीह में बने बूथ संख्या एक सौ छियानबे पर अपना वोट डाला। इधर चतरा में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं हजारीबाग में पूर्व केन्द्रीय मंत्री यशवन्त सिन्हा ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय हुपाद स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया। सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी और रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी ने रजरप्पा के बूथ नंबर एक सौ छियानबे पर मतदान किया। गिरिडीह से चुनाव लड़ रहे विनोद सिंह ने बगोदर के खंबरा स्थित मतदान केन्द्र और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह के राजधनबार स्थित कोदाई बांक, हजारीबाग से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने हजारीबाग और कांग्रेस प्रत्याशी जे पी भाई पटेल ने विष्णुगढ़ प्रखण्ड के चानों स्थित मतदान केन्द्र में वोट डाला।

*****************

हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए आज हो रहे मतदान को लेकर ग्रामीण इलाकों के मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। यहां मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें लगी हुई है। वहीं चतरा के भी विभिन्न बूथों पर महिलाओं और युवा मतदाताओं की कतार सुबह से ही देखने को मिल रही है। वहीं चतरा सीट के अंतर्गत आने वाले लातेहार जिले के विभिन्न बूथों पर मतदान को लेकर मतदाताओं के आने का सिलसिला लगातार जारी है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले गिरिडीह के विभिन्न बूथों पर पूरी सुरक्षा के बीच मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं वहीं गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो की प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने विभिन्न बूथों पर पहुचकर मतदान से जुड़ी जानकारी ली। वहीं अन्य इलाकों में भी मतदान केन्द्रों पर हर श्रेणी के मतदाताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

*****************

झारखंड में अंतिम दो चरणों के चुनाव को लेकर प्रचार अभियान जोरों पर, भाजपा के बाबूलाल मरांडी धनबाद में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में ले रहे हिस्सा, कांग्रेस की प्रियंका गांधी 21 मई को गोड्डा और 22 को रांची में करेंगी चुनावी रैली।

*****************

मणिपुर के इंफाल में अज्ञात हमलावरों की फायरिंग में झारखंड के एक युवक की मौत हो गई। इस फायरिंग में दो अन्य व्यक्ति भी घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है।

*****************

इग्नू में जुलाई—2024 सत्र में विभिन्न कोर्सेज में नामांकन के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

*****************

पाकुड में मध्यान भोजन योजना के चावल की कालाबाजारी के आरोप में सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सितेसनगर के हेडमास्टर काजीरुल इस्लाम विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और संयोजिका के खिलाफ मुफस्सिल थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। प्राथमिकी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनीता मराण्डी ने दर्ज कराया है।

*****************

रांची जिला महिला क्रिकेट लीग का आयोजन छब्बीस मई से होगा. रांची जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में होने वाली इस लीग में चार टीमें हिस्सा लेगी।

*****************

जापान के कोब में विश्व पैरा एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप में दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की चार सौ मीटर टी—20 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड तोडकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। 20 वर्षीय दीप्ति ने अमेरिका की बिरयानी

क्लार्कस का 55 दशमलव एक–दो सेंकण्ड का रिकॉर्ड तोडा। दीप्ति ने 55 दशमलव शून्य–सात सेंकण्ड में यह प्रतियोगिता जीती। तुर्की की आइसल ओंडर दूसरे जबकि इक्वाडोर की लीजानशैलो अंगुलो तीसरे स्थान पर रही। पुरूषों की डिस्कस थ्रो स्पर्धा में योगेश कथूनिया ने रजत पदक जीता।

********समाप्त********